# बाणसागर की लहरों में भटकी नाव 15 किमी दूर पहुंची

## प्रशासन की मदद से नाव में सवार एक दर्जन आदिवासियों की सकुशल वापसी हुई

नवभारत न्यूज

**सतना, 27 सितम्बर. मैहर जिले के रामनगर क्षेत्र में बाणसागर की लहरों में भटकी नाव के यात्रियों की प्रशासन की मदद से सकुशल कराई घर वापसी संभव हुई.**

नवरात्रि के अवसर पर बाणसागर से लगे क्षेत्रों के आदिवासी समूह ने सामूहिक रूप से यह तय किया कि इस बार सिंहपुर घाट स्थित चंडी माता के मंदिर नाव से जाएंगे. बताया गया है कि योजना के मुताबिक आदिवासी शनिवार को अपने गांव पुरैना से बाणसागर बांध में



नाव से उतर कर सिंहपुर घाट के लिए रवाना हुए. अचानक बाणसागर में तेज हवाओं और लहरों से उठ रहे बहाव में नाव ऐसी फंसी की वो अपने लक्ष्य से 10 से 15 किलोमीटर दूर जा पहुंची. बताया गया है कि आदिवासी चंडी माता मंदिर बन्नेह दर्शन करने अपनी नाव से जा रहे थे । मौसम में आए बदलाव के कारण अचानक नाव तेज हवा में बह गई । वाणसागर में हवा के दबाव में यह नाव 10,से15 किलो मीटर दूर बाणसागर के एक टापू में पहुंच गई ।घटना की सूचना मिलने पर एसडीएम रामनगर एस पी मिश्रा ने तत्काल जिला प्रशासन मैहर को सूचना देकर अपनी रेस्क्यू टीम तैयार की और टीम के सहयोग से इनकी जान बचाई जाकर स्टीमर द्वारा वाणसागर के बालाघाट सेमरिया घाट में सकुशल उतारा गया ।रेस्क्यू टीम ने सेमरिया घाट पर सभी 12 आदिवासीजनों को चाय नाश्ता करवा कर वाहन द्वारा 20 से 25 किलोमीटर दूर उनके ग्राम पुरैना सकुशल पहुंचाया.

# देबि पुजि पद कमल तुम्हारे सुर नर मुनि सब होहिं सुखारे

विन्ध्य के समाज मा सब दिनन देबि पूजा केर महत्तम रहा है. सब दिनन नई पूतउ का खेर पूजय जाय का परत रहा.कइयो बेरी सजी बरात खड़ी रह जाय जब लड़का खेर से आय जाय ता बरात रवानगी लेय.हम कईओ बेरी जानकारन से पूछे हेयन की खेर कहे सब जग्घा बनाएगे होइहैं. ता उनखर कहब इया रहा कि इया चलन बहुत पुरान आय. एखर श्री गणेष कहाँ से भा इया केयू नाही बताय पावय .अब ता लोग आधे से अधिक खेरन का जोत बोय लिहिनन अउर देबि दाई का छोट के मडुलिया मा विराज दिहिनन. वोहू मा कहू पंडा है ता कहू सब अइसय चल रहा है. हमार मानब हय की शहरन कै पुरान रहाइस मा अबहुँ खेर होइहे पर इया फुट मा खरीद कै बने घरन कै रहाइस मा रहय वारे इया विषय मा कुछु जनतय नाही आय.बताबत हेय की पहले राजशाही कै जमाने मा शाही खजाने से पूजा पाठ कै व्यवथा किन जात रही.कहू कहू ता राजघराने कै लोगन कै पूजा मा रहय कै परम्परा रही है. कहा जात है कि खेरमाई आपदा अउर अकाल माउत से रक्षा करत रही है. अइसन नाही रह की देबि कै देबाला नाही रहे आज अपना पँचय जेते मंदिर जनित हेयन इ सब पहिले कै पूजा पाठ बाले स्थान आय.बाद मा उन्ही स्थानन का इया रूप दीनगा हेय. शक्ति पूजा कै परम्परा सब दिनन रही है चाहे बाद मा घर कै शक्ति केय साथ लोग जेता अत्याचार किनहींन होय.





अबहुँ विन्ध्य मा घर परिवार कै विषय मा निर्णय का अधिकार मर्द अपने लग्घे राखे हय. पढाई-लिखाई पहिले से बहुत अधिकय होइगे हैय.अब ता बिटिया,मेहरिया अपन मामला खुदय तय करय लागी हय. छोट-बड़े सब घरन मा पूर काम अपन मरजी से चलत है. फेर इया मेर कै कानून बनगे हेय की कोउ कुछु बोलिन नाही सकय बोलिस ता जेल गा.हमरो मानब यहया है कि समाज मा सब का बराबरी का अधिकार मिलय चाही तभिन जउने मेर कय तरक्की का सरकार मा बइठे लोग सोच रहे हय मिल पायी.

# मैहर के गौरव दिवस पर 4 व 5 अक्टूबर को होंगे विविध कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**मैहर 27 सितंबर. मैहर जिले के गठन की दूसरी वर्ष गांठ पर 5 अक्टूबर को जिले का गौरव दिवस मनाया जायेगा।**


कलेक्टर रानी बाटड के निर्देशन में मैहर जिले की तीनों तहसीलों में विभिन्न विभागों और सहयोगी संस्थाओं द्वारा गौरव दिवस के तहत 4 और 5 अक्टूबर को विविध गतिविधियां आयोजित की जायेगी। कार्ययोजना के निर्धारित कार्यक्रमानुसार 4 अक्टूबर को क्विज प्रतियोगिता रंगोली, पेंटिंग, मेंहदी, सलाद सज्जा, फ्लावर सज्जा, खेल प्रतियोगिताओं में कबड्डी, बॉलीबाल (महिला एवं पुरूष वर्ग), रस्साकशी, देशी पारम्परिक व्यंजन, 10 वर्ष तक के बच्चों का रैम्प वाक, घर के अनुपयोगी वस्तुओं से निर्मित उपयोगी सामग्री की अटाला आर्ट प्रदर्शनी मुख्य आकर्षण होंगे। इसी प्रकार 5 अक्टूबर को मां शारदा चूनर यात्रा निकाली जायेगी। देवी पार्किंग स्थल से लगभग 6 किमी की लम्बी चूनर यात्रा में महिला वर्ग लाल साडी और पुरूष वर्ग पीला कुर्ता और सफेद पजामा की वेशभूषा में शामिल होंगे। इस अवसर पर विद्यालयों के 1 लाख 11 हजार 111 बच्चों द्वारा संकलित एक कटोरी दाल एवं चावल से गौरव दिवस के उपलक्ष्य में अन्नकूट के माध्यम से खिचडी प्रसाद का वितरण होगा। संगीत महाविद्यालय द्वारा नृत्य नाटिका, सुदीप गुप्ता एवं साथी कोलकाता द्वारा डाल्स थियेटर की विशेष प्रस्तुति एवं देशी पारंपरिक व्यंजन की प्रदर्शनी भी आयोजित की जायेगी। क्विज प्रतियोगिता 29 सितंबर को प्रातः 11 बजे से विकासखण्ड स्तरीय और 4 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से जिला स्तरीय प्रतियोगिता सांदीपनी सीएम राइज विद्यालय मैहर में होगी।

# संघ प्रमुख डॉ . भागवत का सतना आगमन 4 अक्टूबर को

## नवनिर्मित बाबा मेहरशाह दरबार का करेंगे लोकार्पण

नवभारत न्यूज

**सतना 27 सितंबर । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉ मोहन भागवत का अपने दो दिवसीय निर्धारित प्रवास क्रम पर सतना आगमन हो रहा है।**



3 अक्टूबर को नागपुर से इतवारीङ्करीवा ट्रेन से प्रस्थान कर 4 अक्टूबर प्रातः मैहर आगमन होगा। मैहर में विश्व प्रसिद्ध शारदा देवी के दर्शन कर सतना प्रस्थान करेंगे। 5 अक्टूबर को प्रातः 10.30 बजे सिंधी कैम्प सतना में बाबा मेहेरशाह दरबार साहिब का लोकार्पण करेंगे।

तत्पश्चात 11 बजे बी.टी.आई. मैदान में विशाल सभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम पश्चात श्री भागवत सायं रीवा इतवारी एक्सप्रेस ट्रेन से ही नागपुर प्रस्थान करेंगे। यह जानकारी प्रांत प्रचार प्रमुख विनोद कुमार ने दी।

# कलेक्टर ने चार आरोपियों का किया जिलाबदर

▸ जिले के राजस्व सीमाओं से 1 वर्ष की कालावधि के लिए बाहर चले जाने का आदेश पारित

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 27 सितम्बर। पुलिस अधीक्षक के प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने चार आरोपियों का जिलाबदर किया है। इसके तीन दिन पूर्व भी चार और आरोपियों का जिला बदर किया जा चुका है। यह आदेश 26 सितम्बर की शाम 5 बजे से 1 वर्ष की कालावधि के लिए प्रभावशील रहेगा।**



जानकारी के अनुसार विंध्यनगर थाना क्षेत्र के ग्राम जयनगर निवासी नेतलाल साहू पिता हिरालाल साहू के खिलाफ विंध्यनगर थाने में 16 अपराध दर्ज हैं। वहीं इसी थाना क्षेत्र के मुन्ना उर्फ महेश्वर प्रसाद पिता स्व. लल्लाराम सकेत निवासी नवजीवन बिहार सेक्टर नम्बर 4 के विरूद्ध 5 अपराध दर्ज है। साथ ही मोरवा थाना क्षेत्र के ग्राम मेढ़ौली वार्ड क्रमांक 8 साईनगर निवासी धर्मेन्द्र गुप्ता उर्फ मसाला गुप्ता रामकेश गुप्ता के विरूद्ध मोरवा थाने में 8 अपराध एवं कोतवाली क्षेत्र बैढ़न के कचनी बेलौहा टोला निवासी बृजेश कुमार शाह उर्फ बिन्देश पिता रामविचारे शाह के विरूद्ध कोतवाली बैढ़न में 15 अपराध पंजीबद्ध है। पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर उक्त आरोपियों को कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सिंगरौली के द्वारा जिला बदर की कार्रवाई की गई है।

जिला मजिस्ट्रेट के द्वारा यह जिला बदर की कार्रवाई जिले के राजस्व सीमाओं से एक वर्ष की कालावधि के लिए बाहर चले जाने का आदेश पारित किया है। यह आदेश 26 सितम्बर की शाम 5 बजे से 1 वर्ष की कालावधि के लिए प्रभावशील रहेगा। उक्त अवधि में इस आदेश का उल्लंघन करने पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के अंतर्गत कार्रवाई की जावेगी।

# मैच के दौरान ऑनलाइन सट्टा खिलाते 6 आरोपी गिरफ्तार

## रेड्डी अन्ना गेमिंग एप पर लगवा रहे थे पैसा,पकड़े गए आरोपी झारखंड-बिहार के

नवभारत न्यूज

**सतना, 27 सितम्बर. सिविल लाइन थाना पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि उमा विला सोसायटी के मकान नं. 1 जो पुष्पेन्द्र द्विवेदी का है कुछ व्यक्ति अवैध रूप से रुपए पैसों के हारजीत का दांव लगाकर एशिया कप चैंपियन शिप में भारत-श्रीलंका मैच में सट्टा का अवैध रूप से आनलाइन खेल मोबाइल से खिला रहे है।**





सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी सिविल लाइन योगेन्द्र सिंह परिहार वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना सिविल लाइन व सायबर सेल की टीम गठित कर मुखविर के बताए स्थान पर रेड किया तो मकान के अंदर कमरे में छः व्यक्ति मिले। जिन्हे घेराबंदी कर धरदबोचा गया। कमरे के अंदर अपने पास रखे अलग-अलग कंपनी के कुल 14 नग मोबाइल एवं लैपटाप में आनलाइन रेड्डी अन्ना गेमिंग एप के माध्यम से भारत-श्रीलंका एशिया कप क्रिकेट मैच में रुपए-पैसे के हार जीत का दांव लगाकर अपने ग्राहको को सट्टा खिलाने वालों से पूछताछ की गई तो चालू क्रिकेट मैच में उक्त आनलाइन गेमिंग एप में अपने ग्राहको को सट्टा खिलाना स्वीकार किए और उनके मोबाइल फोन एवं लैपटाप को चेक किया गया तो सभी मोबाइल एवं लैपटाप में रेड्डी अन्ना आनलाइन गेमिंग एप चालू होना पाया गया। सभी मोबाइल फोन व लैपटाप मे रुपए-पैसे की हारजीत का आनलाइन ट्रांजक्शन करीब सात लाख रुपए का भी होना पाया गया। पुलिस टी सभी सटोरियों को थाने लाकर कार्यवाही करते हुए उनके विरुद्ध अपराध क्रमांक 625/25 धारा 4 (क) पब्लिक गैंबलिंग एक्ट 1976 कायम किया जाकर गिरफ्तार सभी सटोरियों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। ऑनलाइन सटोरियों को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारीयोगेन्द्र सिंह परिहार, उप निरीक्षक अजीत सिंह सायबर सेल, स. उप निरीक्षक दिपेश सिंह सायबर सेल, स.उप निरीक्षक विनोद रैकवार, प्रधान आरक्षक विवेक दुबे, प्रवीण तिवारी, विकास सिंह, अविनय शर्मा, सुधीश अग्निहोत्री, रविशंकर पाण्डेय, असलेन्द्र सिंह सायबर सेल, म.प्रधान आरक्षक ललिता सिंह, आरक्षक अंकेश मरमट, राहुल सिंह सायबर सेल आदि की सराहनीय भूमिका रही।

### ये पकड़े गए सटोरिए

ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले पकड़े गए आरोपियों में सचिन मंडल पिता विपिन मंडल 25 वर्ष एवं बंटी मंडल पिता अशोक मंडल 19 वर्ष दोनो निवासी झरिया जिला धनबाद झारखंड, कुलदीप केसरी पिता मुन्ना केसरी 29 वर्ष निवासी कोइरी बांध दानवीर भामा सादर, सतमोड़बा, झरिया थाना झरिया जिला धनबाद झारखंड, नितेश सिंह पिता सुरेश सिंह 20 वर्ष निवासी ग्राम सरना थाना शाहपुर जिला भोजपुर बिहार, संजीव कुमार राम पिता नथुनी राम 37 वर्ष निवासी ग्राम शाहपुर थाना पंडोल जिला मधुबनी बिहार, पुष्पेंद्र द्विवेदी पिता रामकृष्ण 31 साल निवासी उमा रिजर्ट के पास सतना शामिल है। पकड़े गए सटोरियों से 14 नग अलग-अलग कंपनी के मोबाईल फोन व लैपटाप कुल कीमती करीब 4 लाख, लेखा जोखा की डायरी। जिसमें कुल 7 लाख रुपए का ट्रांजेक्शन होना लेख है । कार्यवाही में शामिल टीम

# रेडक्रॉस में दिव्यांगजन को वितरित किया गया सहायक उपकरण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 27 सितम्बर, भारतीय रेडक्रॉस जिले में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है.**

आज ग्यारहवें दिन दिव्यागजन की सेवा एवं सहायक उपकरण कृत्रिम अंग वितरण कार्यक्रम भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी रीवा द्वारा संचालित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, रेडक्रॉस भवन, लाडली लक्ष्मी पथ सिविल लाइन रीवा में, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी एवं सामाजिक न्याय विभाग द्वारा संयुक्त रूप से दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण बितरित कर मनाया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रीवा के संभाग आयुक्त बीएस जामोद उपस्थित रहे. वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में वीरेंद्र गुप्ता अध्यक्ष भाजपा रहे. कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन रेडक्रॉस डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी नें की, संभाग आयुक्त द्वारा जिले में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा चलाए जा रहे सेवा प्रकल्पों के लिए चेयरमैन डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी एवं टीम रेडक्रॉस की सराहना की एवं जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र का भ्रमण किया साथ ही रेड क्रॉस द्वारा संचालित ब्लड बैंक एवं सेपरेशन यूनिट का भी निरीक्षण किया.

# पैसे के लिए रिश्ते के देवर ने भाभी को उतारा था मौत के घाट

## चोरी गया जेवरात और रुपए बरामद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 27 सितम्बर, विश्वविद्यालय थाना अन्तर्गत शुक्रवार को दयालू नगर में हुई अंधी हत्या का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. साथ ही चोरी किये गये सोने-चांदी के जेवरात और एक लाख नगदी भी बरामद कर ली है. हत्यारा कोई और नही बल्कि रिश्ते का देवर निकला, जिसने बैट से हमला कर भाभी को मौत के घाट उतार दिया था.**



जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की दोपहर घर में अकेली मृतिका नेहा सिंह पति रावेन्द्र सिंह थी और दोपहर आरोपी पुष्पेन्द्र सिंह पिता कमल सिंह निवासी ग्राम अटर्रा थाना नरैनी जिला बांदा यूपी घर पहुंचा. जहा किसी बात को लेकर उसका नेहा से विवाद होने लगा. जिस पर आरोपी ने मृतिका के घर में रखे बैट से सिर पर हमला कर दिया.

हत्या के बाद मृतिका की आलमारी से सोने-चांदी के जेवरात एवं एक लाख दस हजार रूपये लेकर फरार हो गया था. दरअसल आरोपी रिश्ते में देवर लगता है जिसके वजह से वह अक्सर नेहा के घर आता जाता था. पैसे के लिये हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और उसकी निशानदेही पर सोने-चांदी के जेवरात और 1 लाख 10 हजार नगदी बरामद कर ली गई है. खुलासा करते हुए एएसपी आरती सिंह ने बताया कि आरोपी मृतिका का रिश्ते में देवर लगता है और इसने हत्या कर घर में रखे जेवरात और नगदी लेकर फरार हो गया था. आरोपी पुष्पेन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर माल बरामद कर लिया गया है.

# ग्रामीणों ने घेराबंदी कर चार चोरों को दबोचा

नवभारत न्यूज

**चितरंगी 27 सितम्बर। नौडिहवा पुलिस चौकी क्षेत्र के माचीकला गांव के मुन्ना सिंह के घर में बीते रात चोरों ने धावा बोलते हुये हजारों व लाखों रूपये की सामग्री को पार कर गये। वहीं इसकी जानकारी मिलते ही पूरे गांव में घेराबंदी करते हुये चार संदेही चोरों को ग्रामीणों ने दबोचते हुये पुलिस के हवाले कर दिया।**

जहां पुलिस इन संदेही चोरों से पूछतांछ कर रही है। दबोचे गये चोरों की संख्या चार बताई जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम माचीकला निवासी मुन्ना सिंह के घर में आज दिन शुक्रवार एवं शनिवार की आधी रात को अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर सोने-चॉदी के जेवरात पार कर गये और जब इसकी भनक मुन्ना सिंह के घर वालों को हुई तो शोर-शराबा करते हुये पूरे गांव के लोगों को जगा दिया। गांव के लोग सक्रिय होकर पूरे गांव में घेराबंदी कर संदेही चोरों के तलाश में जुट गये। बताया जाता है कि नौडिहवा पुलिस एवं ग्रामीणों के सक्रियता से चार चोर दबोच लिये गये। वहीं मुख्य सरगना सामग्री लेकर फरार हो गया। चर्चा है कि इसमें से कुछ संदेही दिन में रैकी करते थे और रात में घरों में धावा बोलते थे। जानकारी में आगे बताया जा रहा है कि करीब आधा दर्जन से अधिक चोरियों का खुलासा हो सकता है। जिसमें बगदरा क्षेत्र में हुई चोरियां भी शामिल हैं। फिलहाल पुलिस इन संदेहियों से पूछतांछ कर रही है। हालांकि इस मामले में नौडिहवा पुलिस चौकी प्रभारी ने इतना कहा कि संदेहियों से पूछतांछ की जा रही है। एक-दो दिन के अंदर खुलासा हो सकता है।

# गौवंश का कटा सिर मिलने पर आक्रोशित लोगों ने लगाया जाम

नवभारत न्यूज

**रीवा, 27 सितम्बर, बिछिया थाना अन्तर्गत लक्ष्मणबाग मोहल्ले में शनिवार की सुबह गौवंश का कटा सिर मिला. जिसके बाद आक्रोशित लोगो ने सड़क पर गौवंश का सिर रखकर जाम लगा दिया और प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई.**

बिछिया नदी में कटा सिर मिलने के बाद स्थानीय लोग उसे लेकर सड़क पर पहुंचे और जाम लगा दिया. पुलिस ने कुछ संदेहियो के घर में दबिश भी दी है और हिरासत में लिया है. विरोध के दौरान विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी भी पहुंच गए और कहा कि इसके पीछे जो भी है उनके खिलाफ कार्यवाही हो. मोहल्ले के लोगो ने बताया कि रात में कुछ संदिग्ध लोग घूम रहे थे, इस लिये शक है कि गौवंश को काट कर सिर फेका गया है.

# भाजपा की सोच महिला विरोधी न सिखाए संस्कार : कल्पना

▸ राहुल प्रियंका पर कैलाश विजयवर्गीय की घटिया टिप्पणी को लेकर कांग्रेस हुई आक्रामक





नवभारत न्यूज

**सीधी, 27 सितम्बर. राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के ऊपर मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की द्वारा की गई घटिया टिप्पणी के बाद कांग्रेस आक्रामक रुख अपनाए हुए हैं.**

उसी तारतम्य को लेकर जवाहर कांग्रेस भवन में प्रेस वार्ता आयोजित की गई जिसमे पीसीसी से नियुक्त जिले की प्रभारी पूर्व विधायक रैगांव श्रीमती कल्पना वर्मा एवं जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कैलाश विजयवर्गीय द्वारा राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर की गई टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा नेताओं की सोच और मानसिकता गंदी और घटिया बताया। श्रीमती कल्पना वर्मा ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भाजपा नेताओं के कृत्य और मानसिकता ही महिला विरोधी है वो भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को नहीं समझ सकते हैं भाई-बहन के पवित्र रिश्ते पर घटिया टिप्पणी कर कैलाश विजयवर्गीय ने न केवल गांधी परिवार का अपमान किया है, बल्कि पूरे भारतीय समाज और संस्कृति का अपमान किया है।

### भाजपा नेताओं के संस्कार सोशल मीडिया पर हो रहे हैं वायरल : ज्ञान

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने प्रेस वार्ता में कहा कि भाजपा के नेताओं के घटिया वीडियो रोज सोशल मीडिया में सामने आ रहे हैं धाकड़ जैसे कितने ही नेता भाजपा में भरे पड़े हैं भाजपा नेताओं का चाल चरित्र रोज सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है जिसमें स्पष्ट दिखता है कि वह कितना महिलाओं का सम्मान करते हैं उन्होंने स्पष्ट किया कि जब से राहुल गांधी ने संसद और जनता के बीच भाजपा की वोट चोरी के सबूत पेश किए हैं। तब से भाजपा का पूरा नेतृत्व डरा हुआ है और चोरी पकड़े जाने से बरगला गया है इसी हताशा और निराशा में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के ऊपर व्यक्तिगत हमले किए जा रहे हैं।

# आरटीओ की कार्रवाई, जेसीबी सहित 29 वाहन जब्त

▸ परिवहन विभाग का जारी है वाहनों का धरपकड़ अभियान

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 27 सितम्बर। म.प्र. शासन परिवहन विभाग के निर्देश व कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के आदेश और आरटीओ सिंगरौली विक्रम सिंह राठौर के द्वारा लगातार पिछले दिनों से बिना वैध दस्तावेज सड़क पर चलने वाले वाहनों के खिलाफ धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है।**



**जहां आज दिन शनिवार को एक जेसीबी सहित 29 वाहनों पर कार्रवाई करते हुये जप्त किया गया है।**

जानकारी देते हुये आरटीओ विक्रम सिंह राठौर ने बताया कि खुटार, बंधौरा के अलावा सरई थाना क्षेत्र में बिना परमिट के चलने वाले वाहनों की सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में खुटार क्षेत्र में पॉच वाहन बिना परमिट के पाये गये। जिन्हें खुटार चौकी ने जप्त कर खड़ा कराया गया है। इसके अलावा बंधौरा इलाके में चेकिंग लगाई गई।

चेकिंग के दौरान छः वाहन बिना दस्तावेज के पाये गये। जिन पर कार्रवाई करते हुये बंधौरा चौकी में खड़ा कराया गया। श्री सिंह ने बताया कि अभियान सरई थाना क्षेत्र में चलाया गया। जहां चेकिंग के दौरान 18 वाहनों के पास वैध दस्तावेज नही पाये गये। उक्त वाहनों पर कार्रवाई करते हुये सरई थाने में खड़ा कराया गया। जानकारी में बताया कि 28 ऑटो वाहन हैं और एक जेसीबी पर कार्रवाई की गई है। आरटीओ ने वाहन स्वामियों के साथ-साथ चालको से अपील किया है कि अगर सड़क पर वाहन चला रहे हैं तो सभी दस्तावेज अपने पास रखे और सभी दस्तावेज वैध रहे। ताकि कार्रवाई से बच सके। इस दौरान लिपिक व्योमकांत तिवारी समेत अन्य आरटीओ का अमला मौजूद रहा।

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता (सं/सं) म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. रीवा**
आई.एस.ओ. प्रमाणित क्रमांक IAS/QMS/B1233 दिनांक 30.03.17
Tel. No.07662-257311,Fax No.07662-257311 E-Mail address-seofficerewa@yahoo.co.in

**सूचना**

समस्त सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि "पी0एम0सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना" के अंतर्गत शिविर का आयोजन पावर हाउस अमहिया गल्ला मण्डी प्रांगण में दिनांक 30.09.2025 एवं 01.10.2025 को समय 10.00 बजे से 04.00 बजे तक विशेष शिविर लगाया जावेगा जिसमें सोलर से होने वाले समस्त लाभ प्रत्यावर्तन अवधि, पी0एम0सूर्य घर पोर्टल के माध्यम से उपभोक्ताओं को सब्सिडी सीधे खाते में प्राप्त करने के संबंध में एवं वेन्डर की जानकारी आदि उपभोक्ताओं को प्रदान की जायेगी।

"सोलर लगवायें बिजली के बढ़े हुये बिजली बिल से निदान पायें"।

अधीक्षण अभियंता (संचा/संधा)
म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि.रीवा

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99